समाचार

# 26 मई बुद्ध जयंती के अवसर पर बंद रहेगा पशुवध कार्य

कोरबा 22 मई 2021 –नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत आगामी 26 मई को बुद्ध जयंती बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पशुवध एवं मांस विक्रय आदि का कार्य पूर्ण रूप से बंद रहेगा। निगम द्वारा अपने क्षेत्रांतर्गत संचालित समस्त वधशालाओं में पशुवधकर्ताओं को आदेश दिए गए हैं कि वे उक्त तिथि को किसी भी प्रकार का पशुवध कार्य एवं मांस का विक्रय न करें, मांस विक्रय की दुकानों को बंद रखें यदि दुकान में मांस का विक्रय करते हुए पाया जाता है तो मांस जप्त कर संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।